Regarding status of ongoing road projects in Gwalior Parliamentary Constituency

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): मेरे ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत चल रही निम्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें।

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. - 44, आगरा- ग्वालियर खण्ड के 6-लेन (ग्रीनफील्ड)। इस परियोजना के अंतर्गत 87.00 कि.मी. लंबा ग्रीनफील्ड संरेखण आगरा शहर की नवीन प्रस्तावित रिंग रोड से प्रारंभ होकर ग्वालियर शहर के पूर्व बायपास पर समाप्त होगा। इस परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित पश्चिम बायपास आगरा से शिवपुरी जाने वाले वाहनों की यात्रा की दूरी को लगभग 30 कि.मी. कम करेगा एवं यात्रा के समय को भी 30-45 मिनट कम करेगा। साथ ही साथ पश्चिम बायपास के निर्माण के उपरांत ग्वालियर शहर का रिंग रोड पूर्ण हो जायेगा, जिससे कितनी भी लंबी दूरी वाले भारी वाहनों को शहर में आने की आवश्यकता नहीं पडेगी। साथ ही साथ साडा क्षेत्र के विकास में भी गति आएगी ।

(2) अटल प्रगतिपथ चंबल एक्सप्रेसवे ।

उक्त परियोजना कोटा (राजस्थान), श्योपुर, भिण्ड मुरैना (मध्यप्रदेश), इटावा (उत्तर प्रदेश) को जोड़ती है। साथ ही उक्त परियोजना के निर्माण से राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के कई ग्राम मुख्य सडक से जुडकर विकास की ओर अग्रसर होंगे ।